हिंदी दैनिक

# न्यूज़ वायरस



राज्य का विकास सबकी सामूहिक यात्रा है : पुष्कर सिंह धामी, सीएम 3

वर्ष : 11 अंक : 85 देहरादून, सोमवार, 19 सितंबर, 2022 मूल्य : एक रुपया पृष्ठ : 08

# समाज का हर सक्षम व्यक्ति गोद लें एक-एक क्षय रोगी : राज्यपाल

## सीएम बोले, मिशन कर्मयोगी के तहत पूर्ण करेंगे पीएम के संकल्प

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून, 19 सितम्बर। वर्ष 2024 तक उत्तराखंड को टीबी मुक्त करने के उद्देश्य से आज राज्यपाल ले0ज0 (से0नि0) गुरमीत सिंह ने प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान का विधिवत शुभारम्भ किया। उन्होंने उत्तराखंड को टीबी मुक्त बनाने के लिये सभी सक्षम लोगों से नि-क्षय मित्र बनकर टीबी रोगियों की देखभाल की जिम्मेदारी लेने का आह्वान किया। राज्यपाल ने स्वयं प्रदेशभर के 13 टीबी रोगियों को गोद लेकर पारिवारिक सदस्य की तरह उनकी देखभाल करने की घोषणा की।

**स्वास्थ्य मंत्री ने आम लोगों से की नि-क्षय मित्र बनने की अपील**

प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत उत्तराखंड में टीबी उन्मूलन के लिये जनभागीदारी अभियान का शुभारम्भ सूबे के राज्यपाल ले0ज0 (से0नि0) गुरमीत सिंह नेकिया। उन्होंने कहा कि यह हम लोगों का सौभाग्य है कि समाज में अंतिम पायदान पर खड़े टीबी रोगग्रस्त व्यक्ति को गोद लेकर उसकी देखभाल का जिम्मा लेने का मौका मिला है। उन्होंने आह्वान किया कि उत्तराखंड में प्रत्येक सक्षम व्यक्ति को आगे आकर नि-क्षय मित्र की भूमिका में एक-एक टीबी रोगी को गोद लेकर उनके उपचार एवं देखभाल का जिम्मा लेना चाहिये। उन्होंने इस कार्य को सबसे बड़ा परोपकार बताते हुये स्वयं भी सूबे के 13 टीबी रोगियों को गोद लेकर उनकी देखभाल का जिम्मा लेने की घोषणा मंच से की। जबकि स्वास्थ्य विभाग द्वारा उन्हें मात्र 2 टीबी रोगियों को गोद लेने की अपील की गई थी। राज्यपाल ने प्रधानमंत्री द्वारा स्वतंत्रता दिवस के मौके पर देश के नाम अपने संदेश में नागरिकों के कर्त्तव्यबोध के जो पांच सूत्र बताये उनका पालन सभी को करना चाहिये तभी भारत एक बार फिर विश्व गुरू बनने में सफल हो सकता है। उन्होंने राज्य सरकार द्वारा उत्तराखंड को वर्ष 2024 तक टीबी मुक्त लक्ष्य निर्धारण के लिये मुख्यमंत्री व स्वास्थ्य मंत्री की सहराना की जबकि केन्द्र सरकार द्वारा भारत को वर्ष 2025 तक टीबी मुक्त करने का लक्ष्य रखा गया है।





कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुये मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि जनसहभागिता से ही टीबी मुक्त उत्तराखंड का लक्ष्य हासिल होगा। इसके लिये उन्होंने सूबे के प्रत्येक नागरिक को आगे आकर क्षय रोग के प्रति जनजागरूकता बढ़ाने व टीबी रोगियों के उपचार में सहयोग की बात कही। उन्होंने कहा कि वर्ष 2025 तक उत्तराखंड देश का शीर्ष राज्यों में शुमार होगा। सीएम धामी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में आज देश प्रत्येक क्षेत्र में आगे बढ़ रहा है। उन्हीं की प्रेरणा से उत्तराखंड भी विकास के पथ पर अग्रसर है। इसी कड़ी में राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 लागू करने में उत्तराखंड को देश का पहला राज्य बनने का गौरव हासिल हुआ। उन्होंने कहा कि हमारे देश की संस्कृति व सभ्यता हजारो वर्ष पूर्व से ही विज्ञान केन्द्रित थी। जिसके बदौलत हमारे पूर्वजों ने सैकड़ों साल पहले नालंदा व तक्षशिला जैसे विश्वविद्यालयों की स्थापना की थी जो कि हमारी समृद्ध एवं वैज्ञानिक पद्धति पर आधारित शिक्षा प्रणाली का प्रत्यक्ष उदाहरण है।

चिकित्सा स्वास्थ्य मंत्री डॉ0 धन सिंह रावत ने कार्यक्रम में टीबी उन्मूलन अभियान की जानकारी देते हुये कहा कि राज्य में 15126 टीबी रोगी चिन्हित हैं। जिन में से 81 फीसदी मरीजों ने अपनी देखभाल एवं उपचार के लिये गोद लेने हेतु सहमति प्रदान कर दी है। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार टीबी मरीजों को उपचार हेतु निःशुल्क दवा तथा प्रतिमाह रूपये 500 पोषण भत्ते के रूप में देती है। राज्य के महानुभावों, संस्थानों, कर्पोरेस्ट्स, एनजीओ, सहकारी समितियों व व्यक्ति विशेष द्वारा टीबी रोगियों को एक से तीन वर्ष के लिये गोद लेने से उनका उपचार करना और आसान हो सकेगा, साथ ही नि-क्षय मित्र द्वारा प्रत्येक माह मरीज की देखभाल के साथ ही स्वास्थ्य विभाग द्वारा निर्धारित फूड बास्केट उपलब्ध कराने से उनके स्वास्थ्य में तेजी से सुधार होगा।

# बद्रीनाथ हाइवे पर जवाड़ी के पास खड़े टैंकर से टकराई कार, दिल्ली के पांच सवार हुए घायल

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

रुद्रप्रयाग, 19 सितम्बर। बद्रीनाथ हाइवे पर जवाड़ी बाईपास पर सड़क कनिारे खड़े टैंकर से कार टकरा गई। जसिमें दल्लिी के पांच सवार घायल हो गए। जन्हिें अस्पताल में भर्ती कयिा गया है। जानकारी के मुताबकि जवाड़ी बाईपास से 50 मीटर श्रीनगर की ओर सड़क किनारे खड़े पानी के टैंकर पर श्रीनगर की ओर से आ रही कार टकरा गई। जसिमें सवार पांच व्यक्ति घायल हो गए।

जिन्हें पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से उपचार के लिए जिला चिकित्सालय रुद्रप्रयाग भेजा गया। जिसमें से एक व्यक्ति राकेश पुत्र रमेश प्रसाद निवासी सागर पुर नई दिल्ली को सिर पर चोट लगने के कारण श्रीनगर रेफर किया गया है। बताया गया कि कार से वह दिल्ली से केदारनाथ यात्रा पर जा रहे थे।

दीपक पुत्र केदार प्रसाद सागरपुर दिल्ली, राहुल पुत्र बाल सिंह निवासी सागरपुर दिल्ली, चालक छेम शिखर उर्फ जीतू पुत्र गणेश प्रसाद पटना बिहार, गोलू पुत्र योगेश्वर सागरपुर दिल्ली सामान्य स्थिति में हैं।



यमुना पेयजल योजना के तहत पाइपलाइन बिछाने के लिए पेयजल निगम ने मसूरी की माल रोड समेत अन्य सड़कों की खोदाई की थी। हालांकि, सड़कों को अस्थायी रूप से मलबे से भरकर उसके ऊपर डामरीकरण भी कर दिया गया, लेकिन इस डामर की गुणवत्ता इतनी खराब थी कि यह वर्षा का एक सीजन भी नहीं झेल पाया। इस कारण जगह-जगह गहरे गड्ढे हो गए हैं। जिससे पर्यटकों के साथ आमजन को आवागमन करने में परेशानी उठानी पड़ रही है। सबसे बुरा हाल भीड़ वाले कुलड़ी बाजार के ढालदार हिस्से तथा मोतीलाल नेहरू मार्ग का है। मोतीलाल नेहरू मार्ग पर तो मई अंतिम सप्ताह में मरम्मत भी की गई, लेकिन यह जून मध्य में हुई वर्षा भी नहीं झेल सकी। कुलड़ी बाजार के ढालदार हिस्से में बड़े गड्ढे. बन गए हैं, जिस पर वाहन चलाना जोखिमभरा है। अगर एक ओर से चार पहिया वाहन आ जाए तो विपरीत दिशा से आ रहे दुपहिया वाहन को संभालना मुश्किल हो जाता है। इस दौरान दुर्घटना से बचने को चालक को दुपहिया में पीछे बैठी सवारी को उतारना पड़ता है।

# हिमालय की 12 हजार फीट से अधिक की ऊंचाई वाले क्षेत्रों में हिमपात

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

पिथौरागढ़, 19 सितम्बर। तीन दिनों तक अपने तेवर दिखाने और मुसीबतें खड़ी करने के बाद रविवार को मौसम शांत रहा, परंतु उच्च हिमालय में 12 हजार फीट से अधिक की ऊंचाई वाले क्षेत्रों में हिमपात हुआ है। दारमा घाटी में 17500 फीट ऊंचाई पर स्थित दावे में एक फीट के आसपास हिमपात हुआ है। आदि कैलास, ओम पर्वत और मिलम दुंग की चोटियों पर भी बर्फ गिरने से तापमान में गिरावट आ चुकी है।

वर्षा से विकास खंड मुनस्यारी के पत्थरकोट गांव में एक मकान ध्वस्त हो गया। किसी तरह की जन और पशु हानि नहीं हुई है। तवाघाट-लिपुलेख मार्ग 10वें दिन भी नहीं खुल सका है। चीन सीमा पर व्यास घाटी के सात गांवों का संपर्क भंग है। काली नदी खतरे के निशान के करीब बह रही है। यह चेतावनी लेवल से ऊपर 889.90 मीटर पर है। खतरे का निशान 890 मीटर है।

रविवार सुबह आसमान साफ था और धूप खिली, परंतु 10 बजे के आसपास आसमान बादलों से घिर गया। सायं को जिले के कुछ हिस्सों में वर्षा हुई। शनिवार की रात को पूरे जिलेभर में वर्षा हुई। पिथौरागढ़ में 35



एमएम, गंगोलीहाट में 8.5, बेरीनाग में छह, डीडीहाट में 15.6, मुनस्यारी में 11.2 और

**लिपुलेख मार्ग 10वें दिन भी रहा बंद**

मुनस्यारी से मिली जानकारी के अनुसार पत्थरकोट गांव में लगातार वर्षा से सुंदर सिंह का मकान टूट गया। परिवारजन खतरा देखते हुए पहले ही मकान छोड़ चुके थे। गांव निवासी युवा समाजसेवी विक्रम दानू ने इसकी सूचना तहसील प्रशासन को देते हुए राजस्व दल को गांव भेजने की मांग की है। धारचूला से मिली जानकारी के अनुसार लिपुलेख मार्ग 10वें दिन भी नहीं खुला है। रविवार को वर्षा नहीं होने और उच्च हिमालय में मौसम ठीक रहने से आदि कैलास यात्रा का एक दल आदि कैलास के दर्शन कर गुंजी लौट चुका है।


# होटल से निकलते वक्त किन चीजों को बेझिझक लेकर निकल सकते हैं आप

**महविश की रिपोर्ट**
**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

देहरादून 19 सितंबर,कभी किसी दूसरी जगह जाना पड़ जाए तो जाहिर सी बात है कि होटल में रहना ही पड़ता है. चाहे आप किसी ट्रिप (Trip) के लिए जाएं या फिर जरूरी काम से होटल का अच्छाखासा और साफ कमरा ही चुनते हैं. अब बात जब अच्छे कमरे (Hotel Room) की आती है तो उसमें सामान भी अच्छा रखा होता है जिन्हें देखकर अक्सर लोगों का उन्हें घर लेकर आने का मन होने लगता है. इन सामानों में चादर, तौलिया, शैंपू, केतली, कपड़े या फिर साबुन वगैरह हो सकते हैं. लेकिन, इन चीजों में से ऐसी कई चीजें हैं जिन्हें आप अपने साथ नहीं लेकर जा सकते और कुछ वो चीजें भी इस सूची में शामिल हैं जिन्हें आप अपने साथ लेकर जा सकते हैं. आइए जानें किस लिस्ट में कौनसी चीज आती है.

**होटल से साथ ले जाने वाली चीजें...**

जिन चीजों को आप होटल से अपने साथ लेकर जा सकते हैं उनमें सबसे पहली चीज है साबुन. आप होटल के बाथरूम में रखे साबुन को अपने साथ लेकर जा सकते हैं. ऐसा करने पर आपके ऊपर कोई चार्ज नहीं लगाया जाता है. साबुन की ही तरह शैंपू (Shampoo) और कंडीशनर को भी साथ ले सकते हैं. ज्यादातर होटल आपको मिनी शैंपू और कंडीशनर देते हैं या फिर इनके पाउच पकड़ाते हैं. इन्हें अपने साथ बैग में रखकर ले जाया जा सकता है.





कमरे में आपको जो पेन या पेपर मिलता है उसे लेकर जाने पर भी कोई रोक नहीं होती है. इन पेपर, पेन और पेंसिल आदि पर होटल का लोगो बना होता है जिसे मार्केटिंग टूल की तरह इस्तेमाल किया जाता है और इसीलिए आपके इन्हें लेकर जाने पर होटल को कोई दिक्कत नहीं होती है. कई कोंप्लिमेंटरी चीजें भी अपने साथ लेकर जाई जा सकती हैं. इन चीजों में कॉफी बैग्स, शुगर पैकेट्स और ड्राई क्लीनिंग बैग शामिल होते हैं. मॉइश्चराइजर या फिर बॉडी लोशन भी होटल में मिनी साइज का दिया जाता है. आप जबतक होटल में रुके हैं तबतक तो इन चीजों का इस्तेमाल करते ही हैं, होटल से जाते हुए भी इन्हें अपने साथ रख सकते हैं.

**होटल से क्या नहीं लेकर जा सकते है...**

अपने होटल के कमरे की चादरें आप अपने साथ लेकर नहीं जा सकते. साथ ही, ओढ़ने के लिए होटल में रखा हुआ कंबल भी नहीं ले सकते हैं. इसके अलावा होटल से मिलने वाला तौलिया (Towel) और बाथरोब लेकर जाना मना है. होटल में अगर किसी भी तरह की इलेक्ट्रॉनिक चीजें हैं जैसे टेबल फैन, हेयर ड्रायर, फ्रिज या केतली तो उन्हें भी लेकर नहीं जा सकते. दीवारों पर लगी पेंटिंग्स या कोई शॉ-पीस लेना निषेध है. कमरे का अलार्म या बल्ब लेकर जाना भी मना होता है.

# 24 घंटे में छह देश कांपे, ताइवान में इमारतें गिरीं, चीन थर्राया, सुनामी की चेतावनी



**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

नई दिल्ली, 19 सितंबर। पिछले 24 घंटे के अंदर दुनिया के छह देश भूकंप से कांप उठे। भारत के कुछ राज्यों में भी झटके महसूस हुए, लेकिन ये ताइवान, जापान के मुकाबले काफी कमजोर रहे। ताइवान, जापान, चीन में हालात काफी खराब हैं।

ताइवान में 6.9 तीव्रता का भूकंप आया। झटके इतनी तेज थे कि यहां की कई इमारतें जमींदोज हो गईं। सड़कों के बीच दरारें आ गईं। कई पुल भी टूट गए। इसके कई वीडियो सोशल मीडिया पर आ चुके हैं। ताइवान के अलावा जापान और चीन में भी भूकंप के झटके महसूस हुए हैं।

कल से लेकर अब तक अकेले इन्हीं तीनों देशों में करीब 50 से ज्यादा बार भूकंप के झटके महसूस हो चुके हैं। ताइवान में सुनामी की चेतावनी जारी की गई है। मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि भूकंप के चलते ताइवान, जापान और चीन में भारी बारिश हो सकती है। पिछले 24 घंटे के अंदर ताइवान, जापान, चीन, अफगानिस्तान, म्यांमार, भारत (मेघालय) में भूकंप के झटके महसूस हुए हैं। सबसे ज्यादा खराब हालत ताइवान में है। अभी तक की जानकारी के अनुसार, भूकंप के झटके दोपहर 2:44 मिनट (स्थानीय समयानुसार) पर शहर के उत्तर में 50 किलोमीटर तक भूकंप के झटके महसूस हुए। यूएस जियोलॉजिकल सर्वे के मुताबिक, भूकंप का केंद्र 10 किलोमीटर नीचे था। रेक्टर स्केल पर इसकी तीव्रता 6.9 मापी गई।

भूकंप के झटकों के बीच जापान के मौसम विभाग ने एक मीटर ऊंची सुनामी का अलर्ट जारी किया है। मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार, इस सुनामी के कारण जापान के दक्षिणी द्वीपों को खतरा हो सकता है। इसके लिए अलर्ट जारी कर दिया गया है। जापान के अधिकारियों ने तट के करीब रहने वाले लोगों को तुरंत इलाका खाली करने के लिए कहा है।

ताइवान में यह पहली बार नहीं है, जब भूकंप ने तबाही मचाई हो। इसके पहले 1999 में भी आए भूकंप से भयानक तबाही मची थी। तब दो हजार से ज्यादा लोगों की मौत हो गई थी। डेढ़ लाख से ज्यादा लोग बेघर हो गए थे। करीब 15 हजार लोग घायल हुए थे। इसके बाद साल 2016 में भी एक भयानक भूकंप आया था। तब 100 से ज्यादा लोगों की मौत हुई थी।

ताइवान और जापान में पिछले 24 घंटे के अंदर 50 से ज्यादा बार भूकंप के झटके महसूस हो चुके हैं। पूरे देश में अफरातफरी मची हुई है। लोग सहमे हुए हैं। सरकार ने लोगों को सुरक्षित इलाकों में जाने के लिए कहा है। राहत बचाव का काम भी शुरू हो गया है।

# रेलवे की यह नई डिवाइस यात्रियों को तत्काल सीटें उपलब्ध कराने में कर रही मदद



**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

नई दिल्ली, 19 सितम्बर। रेलवे की नई डिवाइस हैंड हेल्ड टर्मिनल यात्रियों को तत्काल बर्थ उपलब्ध कराने में बेहद मददगार साबित हो रही है। इस डिवाइस के परफार्मेंस का आलम यह है कि ट्रेन में सफर कर रहे यात्रियों को वेटिंग टिकट को आरएसी या कन्फर्म कराने के लिए चक्कर नहीं काटने पड़ रहे हैं। समाचार एजेंसी पीटीआइ की रिपोर्ट कहती है कि बीते चार महीनों में रेलवे इस डिवाइस ने हर रोज औसतन 7,000 वेटिंग टिकट धारक यात्रियों को कन्फर्म सीट हासिल करने में मदद की है।

रेलवे के अधिकारियों ने बताया आईपैड के आकार की रेलवे की नई डिवाइस हैंड हेल्ड टर्मिनल में पहले से लोड की गई ट्रेनों के लिए यात्री आरक्षण चार्ट फीड होते हैं। इस डिवाइस की खासियत यह है कि आपको कागजी चार्ट की छानबीन से गुजरने की जरूरत नहीं होती। टिकट चेकिंग कर्मचारी इसके जरिए सीटों की रीयलटाइम जानकारी अपडेट करते हैं। यह डिवाइस ट्रेन में मौजूद टीटीई के पास होती है जिसका सीधा कनेक्शन इंटरनेट से होता है।

ट्रेन में मौजूद टीटीई टीकटों और सीटों की जांच के दौरान जब किसी खाली बर्थ को वैकेंट के तौर पर मार्क करता है तो यह जानकारी एचएचटी के जरिए रेलवे स्टेशनों के पीआरएस और आईआरसीटीसी की वेबसाइट में फीड हो जाती है। इसके बाद रेलवे का आटोमेशन सिस्टम ट्रेन में वेटिंग या आरएसी टिकटों को सीटों की उपलब्धता के साथ क्रमवार कंफर्म करता जाता है। फरि भी यदि सीट खाली रहती है तो रास्ते में पड़ने वाले स्टेशनों से या आनलाइन कंफर्म बर्थ के टिकट बुक किए जा सकते हैं।

अभी तक देखा जाता था कि ऐसी सीटें खाली रहती थीं। समाचार एजेंसी पीटीआइ की रिपोर्ट के मुताबिक यह परियोजना लगभग चार महीने पहले शुरू की गई थी। इस परियोजना के तहत लगभग 1,390 ट्रेनों के टीटीई हर रोज लगभग 10,745 एचएचटी का इस्तेमाल कर रहे हैं। बीते चार महीनों के आंकड़ों पर गौर करें तो पाते हैं कि पिछले चार महीनों के दौरान हर रोज एचएचटी के जरिए औसतन 5,448 आरएसी और 2,759 वेटिंग टिकट वाले यात्रियों को कंफर्म सीटें आवंटित की गईं।

# राज्य का विकास सबकी सामूहिक यात्रा है : पुष्कर सिंह धामी, सीएम






**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

देहरादून 19 सितंबर ,मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने सुद्धोवाला स्थित एक होटल में पोक्सो अधिनियम 2012 के संबंध में 'राज्य स्तरीय परामर्श संवाद' कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। इस कार्यक्रम में उत्तराखण्ड उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश, न्यायमूर्ति विपिन सांघी ने वर्चुअल प्रतिभाग किया। कार्यक्रम में उत्तराखण्ड उच्च न्यायालय के न्यायाधीश, न्यायमूर्ति संजय कुमार मिश्रा, न्यायमूर्ति रवींद्र मैठाणी, न्यायमूर्ति आलोक कुमार वर्मा उपस्थित थे। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि पोक्सो अधिनियम एवं अन्य महत्वपूर्ण विषयों के संबंध में दो दिवसीय 'राज्य स्तरीय परामर्श संवाद' में मंथन से जो भी निष्कर्ष निकलेगा, राज्य सरकार उन अपेक्षाओं के अनुरूप प्रतिबद्धता से कार्य करेगी। उन्होंने कहा कि यह एक ऐतिहासिक दिन है। आज इस कार्यशाला में कार्यपालिका, न्यायपालिका और विधायिका के प्रतिनिधियों द्वारा मंथन किया जा रहा है। यह मंथन कार्यक्रम निश्चित रूप से बच्चों के लिए मील का पत्थर साबित होगा। उन्होंने कहा कि बच्चों का हित सबके लिए सर्वोपरि है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में समान नागरिकता संहिता लागू करने की दिशा में सरकार आगे बढ़ी है। इसके लिए गठित कमेटी द्वारा ड्राफ्ट तैयार किया जा रहा है। इसके लिए जन सुझाव भी लिये जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार सरलीकरण, समाधान, निस्तारण एवं संतुष्टि के मंत्र पर कार्य कर रही है। जन समस्याओं का त्वरित समाधान हो इसके लिए अधिकारियों को निर्देश दिये गये हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि 2025 में उत्तराखण्ड राज्य स्थापना की रजत जयंती मनायेगा। तब तक उत्तराखण्ड को हर क्षेत्र में अग्रणी राज्य बनाने की दिशा में लगातार प्रयास किये जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि राज्य के समग्र विकास के लिए सबको अपना योगदान देना होगा। राज्य का विकास सबकी सामूहिक यात्रा है। इस अवसर पर राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष कुसुम कंण्डवाल, उत्तराखण्ड बाल संरक्षण अधिकार आयोग की अध्यक्ष डॉ. गीता खन्ना, एडवोकेट जनरल एस. एन बाबुलकर, अपर मुख्य सचिव राधा रतूड़ी, डीजीपी अशोक कुमार, रजिस्ट्रार जनरल उत्तराखण्ड हाईकोर्ट विवेक भारती शर्मा, सचिव महिला सशक्तीकरण एवं बाल विकास एच. सी. सेमवाल, डीआईजी गढ़वाल के.एस. नगन्याल, जिलाधिकारी देहरादून सोनिका, एसएसपी दलीप सिंह कुंवर एवं अन्य गणमान्य उपस्थित थे।

# प्रधानमंत्री मोदी के जन्मदिन को सी एम धामी ने बनाया खास



**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

देहरादून ,19 सितंबर , प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म दिन के मौके पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की तरफ से चारों धामों में पूजा अर्चना के साथ ही हेमकुंठ साहिब में भी विशेष अरदास कराई गई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस को पूरे देश में सेवा पखवाड़े के रूप में मनाया जा रहा है। उत्तराखंड में भी इस अवसर पर अलग अलग कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं ।इसी क्रम में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की ओर से प्रधानमंत्री मोदी के जन्मदिन पर चारों धामों बद्रीनाथ, केदारनाथ, गंगोत्री और यमुनोत्री में विशेष पूजा अर्चना और महारुद्राभिषेक कराया गया। श्री हेमकुंड गुरुद्वारा साहिब में भी इस अवसर पर विशेष अरदास का आयोजन हुआ। इस मौके पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रभु से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सुदीर्घ जीवन, स्वस्थ जीवन और यशस्वी होने की प्रार्थना की ।मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अगुवाई में आज देश-दुनिया मे भारत के मान में उत्तरोत्तर वृद्धि हुई है। देवभूमि उत्तराखंड के लिए प्रधानमंत्री मोदी का विशेष लगाव है। आज उनके मार्ग-दर्शन में उत्तराखंड में विकास की तमाम योजनाएं संचालित हो रही हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2025 तक उत्तराखंड को देश का सर्वश्रेष्ठ राज्य बनाने के लिए हम संकल्पित हैं।

# उत्तराखंड में शुरू हुई बर्फबारी



**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

उत्तराखंड में हाल ही में मौसम में गिरावट दर्ज की है। पिछले कई दिनों से भरी बारिश होने के कारण मौसम का मिजाज बदल गया है। ऐसे में चारधाम और हेमकुंड साहिब की चोटियों पर बर्फबारी हुई है। जिससे ठंड बढ़ गई है ।बद्रीनाथ धाम में लगातार हो रही बारिश से जहां ठंड बढ़ गई है. वहीं ऊंची चोटियों पर बर्फबारी यात्रियों को रोमांचित कर रही है। नर पर्वत, माना पर्वत, नीलकंठ मन्नाग की ऊंची चोटियों पर बर्फबारी हुई है। वहीं, रविवार को उत्तराखंड के कई जिलों में भारी बारिश को लेकर यलो अलर्ट जारी किया गया है। बदलते मौसम से लोगों को भीषण गर्मी से राहत मिली है. बादल छाए रहने और बारिश के कारण शुक्रवार की तुलना में शनिवार का दिन के तापमान में 9.5 डिग्री सेल्सियस की गिरावट दर्ज की गई। शहर का अधिकतम तापमान 29 डिग्री सेल्सियस तक गिर गया ।चिलचिलाती धूप और उमस ने मानसून में भी शहरवासियों का जीना दूभर कर दिया था। वहीं आसपास के इलाकों में रहने वाले लोगों ने भी मौसम में बदलाव से राहत महसूस की है. सोमवार को भी शहर में सुबह से 11.15 बजे तक हल्की बारिश जारी रही।



# सपा प्रदेश प्रभारी अब्दुल मतीन सिद्दकी का सपा नेता राजेंद्र पाराशर ने किया जोरदार स्वागत

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**




हरिद्वार 19 सितंबर , समाजवादी पार्टी के नवनियुक्त प्रदेश प्रभारी अब्दुल मतीन सिद्दकी का प्रथम बार हरिद्वार पहुंचने पर सपा नेता राजेंद्र पाराशर के नेतृत्व में जोरदार स्वागत किया गया।इस मौके पर सपा प्रदेश प्रभारी अब्दुल मतीन सिद्दकी ने कहा कि खुशी मनाना कोई गलत बात नहीं है पर हम तभी खुशी मनाने के हकदार है जब हम अपने कर्तव्यों का निर्वहन ठीक कर रहे हो देश और प्रदेश मे महंगाई भ्रष्टाचार बेरोजगारी से त्रस्त है। उन्होंने देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को जन्मदिन के बधाई देते हुए कहा कि देश और प्रदेश के हालत खराब है बेरोजगारी, महंगाई भ्रष्टाचार चरम सीमा पर है और आप खुशी मना रहे है।आपको देश से किए वादे पूरे करने चाहिए बेरोजगार युवाओं को रोजगार और महंगाई को काबू करना चाहिए उन्होंने कहा कि प्रदेश की जनता भाजपा और कांग्रेस की नूराकुश्ती से परेशान आ चुकी हैं ,उत्तराखंड में सपा कार्यकर्ताओं के बल पर 2023के स्थानीय निकाय के चुनावों में पुनः स्थापित होगी।

सपा के प्रदेश महासचिव राजेंद्र पाराशर ने कहा कि सपा के राष्ट्रीय अखिलेश यादव ने उत्तराखंड का अब्दुल मतीन सिद्दकी को प्रदेश प्रभारी बनाकर छोटे से लेकर बड़े कार्यकर्ता का सम्मान किया है प्रदेश प्रभारी अब्दुल मतीन सिद्दकी के नेतृत्व में सपा उत्तराखंड में मजबूत होगी और सपा कार्यकर्ताओं का मनोबल बढ़ेगा। सपा नेता चंद्रशेखर यादव व मशकूर कुरैशी ने कहा कि उत्तराखंड की सम्मानित जनता कांग्रेस और भाजपा के कार्यकाल से परेशान हैं ओर घोटाले पर घोटाले हो रहे ओर प्रदेश सरकार चुप है जिससे उत्तराखंड सरकार के घोटालों में शामिल होने की बू आ रही है।

इस मौके पर सपा नेता लव दत्ता और श्रवण शंखधर ने कहा कि भाजपा ने देश और प्रदेश को केवल भ्रष्टाचार और महंगाई मे धकेला है। इस मौके पर लव दत्ता सुमित तिवारी , मशकूर अहमद कुरैशी, पंडित कपिल शर्मा जौनसारी तंजीम अहमद, मनी यादव, जयराम सैनी सुभाष सिंह,आशीष शर्मा चंद्रपाल भारत कुमार जितेंद्र साहिल मनमोहन गिरी राहुल दिलीप थापा नीतू कुमार सोनू पल्लव गुप्ता नरेश कुमार शर्मा हरीश अरोड़ा पवन अरोड़ा सोमनाथ गगन तनेजा सुरेश कोरी मकबूल कुरेशी ने प्रदेश प्रभारी का माल्यार्पण कर स्वागत किया।

# बच्चों पर जॉनसन एंड जॉनसन के उत्पाद का उपयोग करने से पहले, यह खबर पढ़ें




**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

राज्य के एफडीए विभाग द्वारा नियमित गुणवत्ता निरीक्षण के दौरान उत्पाद के घटिया पाए जाने के बाद महाराष्ट्र ने राज्य में बेबी पाउडर बनाने के लिए जॉनसन एंड जॉनसन का लाइसेंस रद्द कर दिया है।बेबी पाउडर लोकप्रिय रूप से नवजात शिशुओं में उपयोग किया जाता है और नमूना पीएच में मानक का नहीं घोषित किया जाता है। एफडीए ने कहा कि उत्पाद नवजात शिशुओं की त्वचा के स्वास्थ्य को प्रभावित कर सकता है।महाराष्ट्र खाद्य एवं औषधि प्रशासन (एफडीए) ने एक प्रेस में कहा कि उसने प्रमुख एफएमसीजी कंपनी जॉनसन एंड जॉनसन का राज्य में बेबी पाउडर बनाने का लाइसेंस तत्काल प्रभाव से रद्द कर दिया है। कंपनी को उन पाउडर के स्टॉक को वापस बुलाने के लिए भी कहा गया है जो मानक गुणवत्ता के नहीं पाए गए थे।एफडीए ने राज्य में उत्पाद के निर्माण और बिक्री को रोक दिया क्योंकि यह पाया गया कि पुणे और नासिक में शिशुओं के लिए तैयार किए गए पाउडर का पीएच मान निर्धारित सीमा से अधिक है।

पीएच किसी पदार्थ की अम्लता और क्षारीयता का माप है। इसे पीएच स्केल या बार पर मापा जाता है, जहां 0 अम्लीय को इंगित करता है और 14 क्षारीय को इंगित करता है। एक बच्चे की त्वचा एक वयस्क की त्वचा से भिन्न होती है। नवजात शिशुओं का पीएच थोड़ा अधिक होता है, जो लगभग तटस्थ के करीब होता है। 5.5 के अलावा कोई भी पीएच मान संवेदनशील त्वचा को गंभीर रूप से नुकसान पहुंचा सकता है।पिछले महीने, जॉनसन एंड जॉनसन ने कहा कि वह 2023 में वैश्विक स्तर पर टैल्क-आधारित बेबी पाउडर की बिक्री बंद कर देगी और सुरक्षा मुकदमों और गिरती मांग के कारण कॉर्नस्टार्च-आधारित बेबी पाउडर की ओर बढ़ जाएगी।




# आपदा कंट्रोल के लिए मुख्य विकास अधिकारी विशाल मिश्रा ने सम्हाला मोर्चा




**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**


रुद्रपुर , 19 सितंबर,रूद्रपुर जनपद में हो रही वर्षा के दृष्टिगत मुख्य विकास अधिकारी विशाल मिश्रा ने आपदा कंट्रोल रूम पहुंचकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान सीडीओ ने जनपद के सभी जलाशयों, नदियों के जल स्तर, जनपद के अलग अलग क्षेत्रों में हो रही वर्षा की पूरी जानकारी ली।

सीडीओ ने सितारगंज के अधिशासी अभियंता सिंचाई से बातचीत की और बाढ़ सम्बन्धी विभिन्न बिन्दुओं पर विस्तार से जानकारी लेते हुए निर्देश दिये कि जलाशयों और नदियों का जल स्तर पर पैनी नज़र बनाए रखें। उन्होंने आपद प्रबन्धन अधिकारी के साथ साथ सिंचाई विभाग के अधिकारियों को पहाड़ों में हो रही वर्षा की भी जानकारी रखने के निर्देश दिये ताकि नदियों में पानी बढ़ने एवं घटने की सम्पूर्ण जानकारी पहले से ही उपलब्ध रहे। बाढ़ संभावित क्षेत्रों में रह रहे लोगों को समय से अलर्ट करने और उनके विस्थापन लिए सभी विकल्प तैयार रखने के उन्होंने निर्देश दिये। इसके अलावा उन्होंने पंचायतीराज, शहरी विकास, शिक्षा, सिंचाई तथा राजस्व विभाग के अधिकारियों को आपसी समन्वय स्थापित रखने के निर्देश भी दिये। शेर नाला, लेबड़ा तथा बेगुल नदी के साथ ही बोर जलाश्य के जल स्तर पर भी विशेष नज़र बनाए रखने के निर्देश दिये।

जिला आपद प्रबन्धन अधिकारी ऊमा शंकर नेगी ने बताया कि जनपद की सभी नदियों तथा जलाशयों का जल स्तर सामान्य है और कोई भी नदी खतरे के निशान के आस-पास नहीं बह रही है। उन्होंने बताया कि पिछले 24 घण्टे में तहसील जसपुर में 45.50 एमएम, काशीपुर में 57.00 एमएम, बाजपुर में 58.50 एमएम, गदरपुर में 47.00 एमएम, रुद्रपुर में 110.00 एमएम, किच्छा में 135.00 एमएम, सितारगंज में 110.00 एमएम, खटीमा में 77.00 एमएम बारिश हुई है। मुख्य विकास अधिकारी ने जिला कार्यालय सभागार में बैठक लेते हुए आईआरएस (इंसीडेण्ट रेस्पोन्स सिस्टम) से जुड़े सभी अधिकारियों को हाई अलर्ट मोड पर रहने और किसी भी अधिकारी के बिना अनुमति मुख्यालय न छोड़ने के निर्देश दिये। सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को अपने-अपने मोबाइल ऑन रखने के भी निर्देश दिये। सीडीओ ने आपस में समन्वय बनाये रखने के निर्देश सभी अधिकारियों को दियें। उन्होने कहा कि किसी भी आपदा/दुर्घटना की स्थिति में त्वरित स्थलीय कार्यवाही करते हुए सूचनाओं का तत्काल आदान-प्रदान किया जाये। उन्होने समस्त चौकी/थाने/अग्निशमन एवं आपात सेवाए भी आपदा सम्बन्धी उपकरणों एवं वायरलेस सहित हाई अलर्ट में रहने के निर्देश दिये है।

# पीएम मोदी ने नामीबिया से लाए 8 चीतों को कुनो नेशनल पार्क में छोड़ा





न्यूज़ वायरस नेटवर्क

चीतों को भारत में 70 साल पहले विलुप्त घोषित किया गया और ठीक सात दशक बाद, वही 'प्रोजेक्ट चीता' नामक योजना के तहत फिर से शुरू की जा रही हैं। शनिवार को आठ चीते नामीबिया से भारत पहुंचे और सुबह 2 हेलीकॉप्टर से मध्य प्रदेश में कुनो नेशनल पार्क के पास पालपुर में विदेश से आए मेहमान उतरे। कथित तौर पर इन आठ चीतों में शामिल हैं पांच महिलाएं और तीन पुरुष।

**तो क्या है प्रोजेक्ट चीता ?**

'प्रोजेक्ट चीता' भारत सरकार द्वारा शुरू की गई एक महत्वाकांक्षी परियोजना है जिसका उद्देश्य भारत में अपनी ऐतिहासिक सीमा में प्रजातियों को फिर से स्थापित करना है। इस परियोजना का उद्देश्य भारत में मेटापॉपुलेशन विकसित करना भी है जो चीता को एक शीर्ष शिकारी के रूप में अपनी कार्यात्मक भूमिका निभाने की अनुमति देता है और चीता को उसकी ऐतिहासिक सीमा के भीतर विस्तार के लिए जगह प्रदान करता है जिससे उसके वैश्विक संरक्षण प्रयासों में योगदान होता है।प्रकृति के संरक्षण के लिए अंतर्राष्ट्रीय संघ (आईयूसीएन) दिशानिर्देशों के अनुसार जंगली प्रजातियों, विशेष रूप से चीता का पुनरुत्पादन किया जा रहा है। सरकार ने कहा कि परियोजना का मूल उद्देश्य भारत के वन्य जीवन और उसके आवास को पुनर्जीवित करना और उसमें विविधता लाना है।₹चीता भारत में खुले जंगल और घास के मैदान पारिस्थितिकी तंत्र की बहाली में मदद करेंगे। यह जैव विविधता के संरक्षण और जल सुरक्षा, कार्बन पृथक्करण और मिट्टी की नमी संरक्षण जैसी पारिस्थितिकी तंत्र सेवाओं को बढ़ाने में मदद करेगा, जिससे बड़े पैमाने पर समाज को लाभ होगा। इस प्रयास से भी वृद्धि होगी इको-डेवलपमेंट और इकोटूरिज्म गतिविधियों के माध्यम से स्थानीय समुदाय के लिए आजीविका के अवसर,₹ केंद्र ने कहा

**चीता को भारत में लाने के लिए कार्य योजना**

जनवरी 2022 में, केंद्र ने भारत में चीता को पेश करने के लिए एक कार्य योजना शुरू की। परियोजना के हिस्से के रूप में, पांच वर्षों में विभिन्न राष्ट्रीय उद्यानों में 50 चीतों को पेश किया जाएगा। चीता एकमात्र बड़ा मांसाहारी है जो भारत में अधिक शिकार और निवास स्थान के नुकसान के कारण विलुप्त हो गया।पीएम मोदी ने इस मौके पर कहा कि चीते हमारे मेहमान हैं, हमें उन्हें कुछ महीने कूनो नेशनल पार्क को अपना घर बनाने के लिए देना चाहिए. साथ ही, पीएम ने चीतों को भारत वापस लाने के कार्यक्रम में मदद करने के लिए नामीबियाई सरकार को धन्यवाद दिया। पीएम मोदी ने यह भी कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि हमने 1952 में चीतों को विलुप्त घोषित कर दिया, लेकिन दशकों तक उन्हें वापस लाने के लिए कोई रचनात्मक प्रयास नहीं किया गया।

# दर्दनाक मच्छर के काटने से बचने के लिए करें ये 5 काम

न्यूज़ वायरस नेटवर्क



बारिश हमें चिलचिलाती गर्मी से बहुत जरूरी ब्रेक प्रदान करती है लेकिन मच्छरों द्वारा खतरे की कीमत पर। मॉनसून का मौसम मच्छरों के प्रजनन का चरम समय होता है। हालांकि अधिकांश मच्छरों के काटने हानिरहित होते हैं, कुछ गंभीर जटिलताएं पैदा कर सकते हैं। ये काटने वाले कीड़े विभिन्न बीमारियों को प्रसारित कर सकते हैं और हमें कई खुजली वाले काटने दे सकते हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) का अनुमान है कि हर साल दस लाख से अधिक लोग मच्छरों के काटने से मर जाते हैं, जिसमें मलेरिया प्रमुख कारणों में से एक है।

**जोखिम**

हालांकि मच्छर से बीमारी होने की संभावना ज्यादातर इस बात पर निर्भर करती है कि आप कहां रहते हैं, मच्छर कई बीमारियों को ले जा सकते हैं। मादा मच्छर भोजन के संबंध में विशिष्ट प्रकार के लोगों को दूसरों पर लक्षित करती हैं। नतीजतन, मच्छर कई खतरनाक संक्रमणों को ले जा सकते हैं और फैला सकते हैं, जिनमें शामिल हैंः

मलेरियाः संक्रमण के लक्षणों में सिरदर्द, उल्टी और बुखार शामिल हैं। मलेरिया संभावित रूप से जीवन के लिए खतरा हो सकता है अगर तुरंत इलाज नहीं किया जाता है।

जीका वायरसः लक्षण हल्के होते हैं और इसमें बुखार, जोड़ों की मांसपेशियों में दर्द या दाने शामिल हो सकते हैं। हालाँकि, कोई टीका उपलब्ध नहीं है जो वायरस को रोक सके।

चिकनगुनियाः इससे तेज बुखार, जोड़ों और मांसपेशियों में दर्द और सिरदर्द हो सकता है।



**दर्दनाक मच्छर के काटने से बचने के लिए 5 टिप्स**

1. खड़े पानी को हटा देंः खड़ा पानी मच्छरों को सही प्रजनन वातावरण प्रदान करता है। अपने आस-पास को मच्छरों के लिए कम आमंत्रित करने से आपको काटने से बचने में मदद मिलेगी। इसे बाहर छोड़ने से पहले गिलास, मग, कप, बाल्टी या किसी भी खाली बर्तन से पानी निकालने को ध्यान में रखकर आसानी से पूरा किया जाता है।

2. दिन के निश्चित समय से बचेंः ये समय ठंडा और कम हवा वाला होता है, जिससे ये मच्छरों के लिए अधिक अनुकूल होते हैं। इसलिए, यदि आप काटे जाने से बचना चाहते हैं, तो दिन के समय जब मच्छर कम सक्रिय होते हैं, तब आपके द्वारा की जाने वाली किसी भी गतिविधि की योजना बनाना एक उत्कृष्ट अवधारणा है।

# डोईवाला कोतवाली में एक व्यक्ति के साथ 36 लाख रुपये की धोखाधड़ी का मामला दर्ज




न्यूज़ वायरस नेटवर्क




पीड़िता ने एम्स ऋषिकेश में नौकरी के नाम पर ठगी करने वाले चार लोगों के खिलाफ डोईवाला कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया है. डोईवाला कोतवाली में 16 सितंबर को सहिया निवासी सुनील दत्त शर्मा में चार आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है. जिसके बाद पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।आरोप है कि डोईवाला निवासी वीरेंद्र गौतम, अभिषेक लोधी, विनोद लोधी और अभिषेक लोधी ने उन्हें एम्स (एम्स ऋषिकेश) में नौकरी दिलाने के नाम पर 36 लाख रुपये (36 लाख रुपये की ठगी) की. वहीं, पीड़िता की शिकायत पर डोईवाला पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आईपीसी की धारा 420/467/468/471/120-बी के तहत मामला दर्ज कर लिया है.वहीं डोईवाला कोतवाल राजेश शाह ने कहा कि मामले की गंभीरता को देखते हुए टीम गठित कर दी गई है. आरोपी द्वारा पीड़ित को लुभाने के लिए भर्ती पत्र देकर एक समझौता भी किया गया है और पीड़ित द्वारा सीधे आरोपी के खाते में पैसे भेजे गए हैं। ऐसे में इस मामले में सभी आरोपियों से पूछताछ की जाएगी, जिसके बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी.

# देहरादून के प्रखर चमोली ने थाईलैंड में ऊंचा किया उत्तराखंड का नाम, जीते दो सिल्वर मेडल



न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून में प्रतिभा की कमी नहीं है। होनहार युवा अपनी प्रतिभा और क्षेत्र का नाम रोशन कर रहे हैं। आपको बता दे थाईलैंड में हो रहे एशियन यूथ पैसिफिक डेफ बैडमिंटन प्रतियोगिता में प्रखर चमोली ने मिक्स डबल और पुरुष डबल वर्ग में दो रजत पदक अपने नाम किए हैं. थार की प्रकृति पर जीत हासिल की।थाईलैंड के पटाया में खेली जा रही एशियन यूथ पैसिफिक डेफ बैडमिंटन प्रतियोगिता में अंडर-21 वर्ग में भारत ने तीन स्वर्ण सहित कुल 11 पदक जीते।आपको बता दें कि थाईलैंड के पटाया में एशियन यूथ पैसिफिक डेफ बैडमिंटन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था।

जिसमें भारत ने अंडर-21 वर्ग में तीन स्वर्ण सहित कुल 11 पदक जीते हैं। इसमें देहरादून निवासी प्रखर चमोली ने मिश्रित युगल और पुरुष युगल वर्ग में दो रजत पदक जीते हैं।

# बच्ची को गुलदार ने किया अपहरण , सीएम धामी के निर्देश पर प्रमुख वन संरक्षक (वन्यजीव) डा. समीर सिन्हा का सख्त एक्शन




न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून , 19 सितम्बर , बीती 17 सितंबर को देर शाम बेरीनाग विकासखंड के चचरेत गाँव से एक बेहद ही दुःखद घटना सामने आई थी। जहां एक तीन वर्षीय बच्ची को गुलदार उसकी माँ के सामने से उठा ले गया था।प्रदेश के संवेदनशील युवा मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने इस घटना पर अपनी हार्दिक संवेदना एवम गंभीर चिंता व्यक्त करते हुए इस प्रकरण में प्रमुख सचिव वन एवं प्रमुख वन संरक्षक वन्यजीव को त्वरित एवम प्रभावी कार्यवाही के निर्देश दिए थे।

घटना के उपरांत वन विभाग के स्टाफ ने मौके पर पहुंच खोज अभियान संचालित किया। प्रभागीय वनाधिकारी भी घटनास्थल पर पहुंचे तथा परेशान परिजनों को सांत्वना देने के साथ ही अनुमन्य अनुग्रह राशि का आंशिक भुगतान किया। इसके साथ साथ मौके पर दो पिंजरे लगाए गए है, जिससे जिम्मेदार वन्यप्राणी को यथाशीघ्र पकड़ा जा सके। साथ ही वहां कैमरा ट्रैप एवम फॉक्स लाइट भी लगा दिए गए है तथा स्थानीय सरपंच की अध्यक्षता में निगरानी समिति गठित कर क्रियाशील किया गया है। घटनास्थल मुख्य ग्राम से लगभग 300 मीटर की दूरी पर स्थित है तथा इस घर का किचेन भी घर से अलग है तथा आस पास घनी झाड़ियां हैं।

इस हृदय विदारक घटना के सभी पहलुओं की जांच हेतु प्रमुख वन संरक्षक वन्यजीव एवम मुख्य वन्यजीव प्रतिपालक उत्तराखंड द्वारा मुख्य वन संरक्षक कुमाऊं को निर्देशित किया गया है।


वे 15 दिनों में अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करेंगे। यदि जांच में किसी स्तर पर कोई लापरवाही अथवा कमी नज़र आती है तो ज़रूरी कार्यवाही की जायेगी। वन विभाग के प्रमुख वन संरक्षक (वन्यजीव) एवम मुख्य वन्यजीव प्रतिपालक, उत्तराखंडडा. समीर सिन्हा का कहना है कि ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो, इसके लिए वन विभाग निरंतर प्रयासरत है।

# नैनीताल के पहाड़ से बोल्डर गिरने से एक की मौत, तीन गंभीर रूप से घायल

न्यूज़ वायरस नेटवर्क



उत्तराखंड में लगातार हो रही बारिश का असर पहाड़ों पर देखने को मिल रहा है. जिससे कई हादसे देखने को मिल रहे हैं। हाल ही में सबवाली क्षेत्र के कांची धाम के पास पड़ली हाईवे पर खैरना में टूरिस्ट कार पर पहाड़ी से बड़ा बोल्डर गिर गया। इस हादसे में कार चालक की मौके पर ही मौत हो गई जबकि कार सवार तीन अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।कार चालकों की बात करें तो हादसे के शिकार हुए सभी पर्यटक यूपी के मुरादाबाद जिले के रहने वाले हैं। इस मामले की सूचना मिलते ही पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने तुरंत घायलों को कार से बाहर निकाला और पास के खैरना प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया।माना जाता है कि उत्तराखंड में मौसम काफी सुहावना होता है, यहां घूमने के लिए दूर-दूर से पर्यटक आते हैं।



खैरना चौकी प्रभारी दलीप बिष्ट ने बताया कि पर्यटक कांची धाम के दर्शन कर खैरना की ओर जा रहे थे, तभी बीच रास्ते में यह हादसा हो गया। इस हादसे में चालक जतिन दिवाकर की मौत हो गई, जबकि प्रवीण चौधरी, अभय चौधरी, अक्षय राज घायल हो गए। शव का पंचनामा पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है। साथ ही घटना की सूचना मृतक के परिजनों को दे दी गई है।


# हरिद्वार से चारधाम यात्रा पर निकली बस हुए शॉर्ट सर्किट से राख



न्यूज़ वायरस नेटवर्क

हरिद्वार से रवाना हुए चारधाम यात्रा बस में अचानक आग लगने से हड़कंप मच गया । बताया जा रहा है कि अचानक शॉर्ट सर्किट से बस में आग लग गई और धीरे-धीरे उस आग की चादर ने पूरी बस को झुलसा दिया। उस वक़्त बस में 8 लोग सवार थे। आनन-फानन में चालक ने बस को रोक लिया और फिलहाल सभी सुरक्षित हैं।जानकारी के अनुसार विकास नगर से कुछ दूरी पर एक बस में आग लग गई. यह बस हरिद्वार से चारधाम यात्रा पर निकली थी। बताया जा रहा है कि बस नंबर यूके 14 पीए 0236 में अचानक शॉर्ट सर्किट होने से आग लग गई. घटना के वक्त बस में कुल 28 लोग सवार थे. जिसमें गुजरात के अहमदाबाद से 21 लोग यात्रा के लिए उत्तराखंड पहुंचे थे।बस में आग लगने की सूचना स्थानीय लोगों ने पुलिस और दमकल विभाग को दी. जिसके बाद दमकल की टीम मौके पर पहुंची और बस में सवार सभी यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया. डाकपत्थर पुलिस चौकी प्रभारी अर्जुन सिंह गुसाईं ने बताया कि बस में आग विकासनगर से आगे कटापाथर के पास लगी थी. घटना में सभी यात्री सुरक्षित हैं। यात्रियों के लिए एक और बस की व्यवस्था की जा रही है।

## संपादकीय




# भारत जोड़ो यात्रा से कांग्रेस को उम्मीद

राहुल गांधी के नेतृत्व में चल रही भारत जोड़ो यात्रा  एक अच्छी पहल है क्योंकि आज कांग्रेस पार्टी बहुत खस्ताहाल है. इससे पार्टी के उभरने की उम्मीद जगी है क्योंकि अगर आप लोगों के बीच जाते हैं, तो आप गलती नहीं कर सकते हैं. यात्राएं करने, लोगों के बीच जाने, उनकी बात जानने-समझने के अलावा उभार का कोई और रास्ता नहीं है. अब देखना की बात यह है कि इस यात्रा का असर आखिरकार क्या होता है. इसी के साथ कांग्रेस में दो उल्लेखनीय घटनाक्रम भी चल रहे हैं- कांग्रेस से नेताओं का पलायन जारी है और पार्टी अध्यक्ष के चुनाव की प्रक्रिया चल रही है. अभी गोवा में 11 कांग्रेसी विधायकों में से आठ भाजपा में चले गये.  ऐसे में भाजपा की इस आलोचना में दम है कि जब कांग्रेस अपनी पार्टी को ही एकजुट नहीं रख सकती है, तो फिर वह भारत को क्या जोड़ेगी. मीडिया में तो लंबे समय से छप ही रहा था कि गोवा में इस तरह की गतिविधियां चल रही हैं, तो इसका मतलब यह है कि या तो पार्टी नेतृत्व ने छोड़ ही दिया है या फिर उसका नियंत्रण कारगर नहीं है. कांग्रेस के नेताओं-कार्यकर्ताओं में एक ऐसी भावना घर कर गयी है कि पार्टी में उनका भविष्य नहीं है और शायद पार्टी का ही भविष्य नहीं है. ऐसी हताशा और निराशा है. कांग्रेस का आरोप है कि दलबदल कराने के लिए पैसे का लेन-देन हो रहा है या सरकारी एजेंसियों का बेजा इस्तेमाल किया जा रहा है. पर पार्टी को एकजुट रखने की बुनियादी जिम्मेदारी तो पार्टी नेतृत्व की ही है. ऐसी पृष्ठभूमि में भारत जोड़ो यात्रा और भी जरूरी हो जाती है. यात्रा की शुरुआत अच्छी हुई है और लोगों की प्रतिक्रिया भी उत्साहजनक है. जहां तक कांग्रेस अध्यक्ष के चुनाव की बात है, तो पिछले दिनों के बयानों से लगता है कि किसी एक नाम पर आम सहमति बन जायेगी और वह नाम राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत का है. गहलोत की ओर से कहा जा रहा है कि वे तभी अध्यक्ष पद स्वीकार करेंगे, जब सबकी सहमति होगी. कुछ दिन पहले जो जयराम रमेश ने कहा, उसका राजनीतिक मतलब यही निकलता है कि गहलोत पर सहमति है. यह अच्छा नाम भी है क्योंकि वे अनुभवी हैं, उनमें राजनीतिक ठहराव है और वे गांधी परिवार के भी विश्वासपात्र हैं. वे देश को पहचानते हैं तथा कांग्रेस पार्टी की व्यवस्था और कामकाज के तरीकों को जानते हैं. उनके पास लंबा प्रशासनिक अनुभव भी है. इस समय जो भी पार्टी के शीर्ष स्तर पर काम करेगा, वह परदे के पीछे ही काम करेगा तथा उसका काम संगठन बनाना और लोगों को लामबंद करना होगा. यह भी है कि गहलोत किसी दूसरी पार्टी के नेता को फोन करेंगे, तो वह उस कॉल को स्वीकार भी करेगा, इतनी प्रतिष्ठा उनकी है. जो भी कांग्रेस अध्यक्ष होगा, उसे गांधी परिवार के साथ कदमताल करते हुए चलना होगा क्योंकि कांग्रेस बिना गांधी परिवार के ठप पड़ जायेगी.

# CBSE ने 10वीं और 12वीं सैंपल पेपर 2023 जारी कर दिया है

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

ब्यूरो रिपोर्ट , 19 सितंबर ,बोर्ड परीक्षा कीतैयारी के लिए सभी छात्रों को सैंपल पेपर से अभ्यास करना चाहिए, इससे परीक्षा पैटर्न को समझने और गति में सुधार करने में मदद मिलती है. केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने सीबीएसई कक्षा 10 और कक्षा 12 परीक्षा सैंपल पेपर 2023 जारी कर दिया है. उम्मीदवार आधिकारिक वेबसाइट cbseacademic.nic.in और cbse.gov.in पर जाकर सीबीएसई 2023 बोर्ड एग्जाम सैंपल पेपर देख देख सकते हैं और उसे डाउनलोड कर सकते हैं. सैंपल पेपर के साथ ही बोर्ड परीक्षा की मार्किंग स्कीम भी जारी की गई है.




CBSE 10th, 12th Sample Papers 2023: ऐसे करें डाउनलोड ऑफिशियल वेबसाइट cbseacademic.nic.in या cbse.gov.in पर जाएंहोमपेज पर, अकादमिक पर जाएं और ‟वर्तमान शैक्षणिक सत्र 2022-23 के लिए कक्षा 10 और 12 के सैंपल पेपर लिंक‟ लिंक पर क्लिक करें.क्लास 10 और 12 सीबीएसई सैंपल पेपर स्क्रीन पर दिखाई देगा बोर्ड परीक्षा पैटर्न और प्रक्रिया जानने और जांचने के लिए सैंपल पेपर का प्रिंटआउट डाउनलोड करें और सुरक्षित रख लें.

# तीन जिलों में आठ नए संक्रमित मिले 202 पहुंची सक्रिय मरीजों की संख्या

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**


उत्तराखंड में कोरोना संक्रमण की रफ्तार थम गई है। बीते 24 घंटे के भीतर प्रदेश में लंबे समय बाद तीन जिलों में आठ नए संक्रमित मरीज सामने आए हैं। जबकि चार मरीज ठीक हुए हैं। रविवार को सक्रिय मरीजों की संख्या में बढ़ोतरी हुई है। फिलहाल प्रदेश में 202 सक्रिय मरीजों का इलाज चल रहा है। जबकि शनिवार को प्रदेश में 198 सक्रिय मरीज थे।

स्वास्थ्य विभाग के मुताबिक रविवार को 399 सैंपलों की जांच रिपोर्ट निगेटिव आई है। वहीं, सामने आए आठ मामलों में देहरादून में पांच, नैनीताल में दो और पिथौरागढ़ में एक संक्रमित मरीज शामिल है।



वहीं,  हरिद्वार, चमोली, चंपावत, पौड़ी, अल्मोड़ा, बागेश्वर, रुद्रप्रयाग, टिहरी , ऊधमसिंह नगर और उत्तरकाशी में एक भी संक्रमित मरीज सामने नहीं आया है। साथ ही प्रदेश की रिकवरी दर 95.87 प्रतिशत और संक्रमण दर 1.47 से बढ़कर 1.97 दर्ज की गई है।

# पर्यटकों के लिए खुली फूलों की घाटी, अब तक पहुंचे रिकॉर्ड 19 हजार से ज्यादा पर्यटक



**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

बारिश थमने और मौसम साफ होने पर फूलों की घाटी को पर्यटकों के लिए खोल दिया गया है। रविवार को 57 पर्यटक घाटी में पहुंचे। मौसम विभाग की चेतावनी और लगातार बारिश के कारण वन विभाग ने फूलों की घाटी में आवाजाही तीन दिनों के लिए बंद कर दी थी। बृहस्पतिवार से शनिवार तक घाटी में पर्यटकों की आवाजाही बंद रही। रविवार को मौसम साफ हुआ और धूप खिली तो फूलों की घाटी को पर्यटकों के लिए खोल दिया गया।

विश्व प्रसिद्ध फूलों की घाटी के दीदार के लिए पर्यटकों का हुजूम उमड़ रहा है। अभी तक रिकॉर्ड 19 हजार से ज्यादा पर्यटक फूलों की घाटी के दीदार के लिए पहुंचे हैं, जबकि 2019 में इस समय तक सर्वाधिक 17,424 पर्यटक घाटी में पहुंचे थे। फूलों की घाटी 31 अक्तूबर को बंद हो जाएगी। फूलों की घाटी में इस बार पर्यटकों की पूरे सीजन में चहल-पहल बनी रही। एक जून को घाटी पर्यटकों के लिए खोल दी गई थी।

घाटी में पांच सौ से अधिक प्रजातियों के फूल अलग-अलग समय पर खिलते हैं। जुलाई के पहले हफ्ते से अक्तूबर तीसरे हफ्ते तक कई फूल खिले रहते हैं। यहां पोटोटिला, प्रिम्यूला, एनीमोन, एरिसीमा, एमोनाइटम, ब्लू पॉपी, मार्स मेरी गोल्ड, ब्रह्म कमल, फैन कमल जैसे कई फूल खिले रहते हैं। घाटी में दुर्लभ प्रजाति के जीव जंतु, वनस्पति व जड़ी बूटियों का भंडार है। विभिन्न प्रकार के फूल होने पर यहां तितलियों का भी संसार रहता है। इस घाटी में कस्तूरी मृग, मोनाल, हिमालय का काला भालू, गुलदार, हिम तेंदुआ भी दिखता है।

बदरीनाथ धाम की यात्रा पर आई गुजरात की माधुरी (29) पत्नी राहुल दर्शन के लिए लाइन में लगी थी। तबीयत बिगड़ने पर वह अचानक बेहोश होकर गिर गई। वहां तैनात होमगार्ड और पुलिस के जवानों ने महिला को विवेकानंद अस्पताल पहुंचाया। उपचार के बाद महिला अब महिला स्वस्थ है।

# पंतनगर में सीएम धामी ने लगाई झाड़ू, सेवा पखवाड़े का किया आगाज़

मो0 सलीम सैफ़ी की रिपोर्ट
न्यूज़ वायरस नेटवर्क

पंतनगर , 19 सितंबर , मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने पंतनगर, उधम सिंह नगर स्थित जी.बी पंत यूनिवर्सिटी परिसर में सेवा पखवाड़े के अंतर्गत स्वच्छता कार्यक्रम में प्रतिभाग किया, इस दौरान उन्होंने स्वयं सड़क पर झाड़ू लगाकर स्वच्छता का संदेश दिया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत शक्तिशाली, समृद्ध एवं समरस भारत के रूप में आगे बढ़ रहा है। आज विश्व स्तर पर भारत का मान, सम्मान एवं स्वाभिमान बढ़ा है। प्रधानमंत्री जी का जन्मदिवस सेवा पखवाड़ा के रूप में मनाया जा रहा है। इस अवसर पर पूरे राज्य के अंतर्गत स्वच्छता, रक्तदान, संगोष्ठियां एवं सेवा के अन्य कार्यक्रम किए जा रहे हैं।

इस दौरान विधायक शिव अरोड़ा, पूर्व विधायक राजेश शुक्ला, भाजपा जिलाध्यक्ष विवेक सक्सेना, मेयर रामपाल सिंह, प्रदेश मंत्री बीजेपी विकास शर्मा, डीआईजी नीलेश आनंद भरणे, जिला आधिकारी युगल किशोर पंत, एसएसपी मंजूनाथ टी.सी, डायरेक्टर जीबी पंत यूनिवर्सिटी आशीष भटगाई एवं अन्य लोग मौजूद रहे।





# क्वांटम विश्वविद्यालय के स्टूडेंट्स पद्म श्री डॉ. किरण सेठ हुए रूबरू, गांधी के विचारों की जानी प्रासंगिकता

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

रुड़की , 19 सितम्बर, युवा छात्रों के साथ बातचीत करने और उन्हें प्रेरित करने के लिए क्वांटम विश्वविद्यालय में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस- स्पिक मैके 2022 आयोजन किया गया ।

प्रेस कॉन्फ्रेंस आईआईटी दिल्ली के सेवानिवृत्त प्रोफेसर और आईआईटी खड़गपुर के पूर्व छात्रों द्वारा स्पिक मैके साइकिल यात्रा के बारे में थी, जो देश के पद्म श्री पुरस्कार से सम्मानित हैं। किरण सेठ. जो 73 साल के हैं और श्रीनगर से कन्याकुमारी तक करीब 4000 किमी साइकिल चलाने जा रहे हैं। डॉ. किरण सेठ स्पिक मैके के संस्थापक हैं। सुबह 9:30 बजे से विश्वविद्यालय के सभागार में डॉ. किरण सेठ का आगमन और स्वागत हुआ उसके बाद दोपहर 12:30 बजे से क्वांटम विश्वविद्यालय के संकायों और छात्रों के सामने प्रेस कॉन्फ्रेंस शुरू हुई। इस में डॉ. किरण सेठ ने अपनी स्पाइक यात्रा जो 15 अगस्त 2022 को कश्मीर से शुरू होगा, 2 अक्टूबर 2022 को वह दिल्ली में होंगे, और फिर 31 जनवरी 2023 को अपने लक्ष्य कन्याकुमारी में होंगे। इसके बारे में बात की और साथ ही साथ उनकी यात्रा का मुख्य उद्देश्य महात्मा गांधी के सादा जीवन और उच्च विचार के संदेश को अच्छे स्वास्थ्य और स्वच्छ वातावरण के लिए साइकिल चलाने को बढ़ावा देना है। इसके बारे में भी बताया प्रेस कांफ्रेंस समाप्त होने के बाद, अभिविन्यास और वैचारिक सत्र शुरू हुआ और कई छात्र इसमें अपनी सक्रिय भागीदारी की।






दैनिक
न्यूज़ वायरस

न्यूज़ वायरस नेटवर्क प्रा. लिमिटेड, मेरठ के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक मौ. सलीम सैफी द्वारा विश्वनाथ प्रिंटर्स, अजबपुर कलां, देहरादून से मुद्रित एवं 48/3 बलबीर रोड, डालनवाला, देहरादून ( उत्तराखंड ) से प्रकाशित।

सम्पादक :
मौ. सलीम सैफी
कार्यकारी सम्पादक
आशीष तिवारी
दूरभाष : 0135-2672002

email-dainiknewsvirus@gmail.com
RNI No.- UTTHIN/2012/44094
वाद-विवाद का न्याय क्षेत्र देहरादून न्यायालय मान्य होगा